## खबर संक्षेप

### बजट लैप्स होने पर अधिकारी होंगे जवाबदार

**कटनी।** वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति को देखते हुये कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिले के समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को बजट से संबंधित देयक समय से कोषालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर श्री तिवारी ने जारी परिपत्र में कहा है कि प्रायः देखा जाता है कि मार्च के अंतिम कार्य दिवसों में बजटीय देयक रिसीव कर कोषालय में प्रस्तुत किये जाते हैं। मार्च के अंतिम दिवस में पर्याप्त समय न होने एवं सर्वर डाउन होने के कारण बजट लैप्स होने की संभावना निर्मित हो सकती है। कलेक्टर श्री तिवारी ने स्पष्ट किया है कि किसी भी विभाग का बजट लैप्स होने की स्थिति में संबंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी स्वयं जवाबदेह होंगे।

### स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श शिविर आज

**कटनी।** नगर निगम कटनी में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारियों सहित अग्रिम पंक्ति के सफाई मित्रों के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए निगम प्रशासन द्वारा बुधवार 11 मार्च को प्रातः 11 बजे से नगर निगम के मेयर इन काउंसिल सभाकक्ष में विशाल स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा।
निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने स्वास्थ्य शिविर आयोजन की समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कराने के निर्देश निगम अधिकारियों को दिए है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि शिविर में जिला चिकित्सालय के मेडिकल विशेषज्ञ, सर्जिकल विशेषज्ञ, अस्थि रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ द्वारा नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का निःशुल्क सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा तथा आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं दवाइयां भी प्रदान किया जाएगा। इस दौरान रक्तचाप, शुगर सहित अन्य आवश्यक स्वास्थ्य जांच की सुविधा उपलब्ध रहेगी। निगम प्रशासन द्वारा सभी अधिकारी-कर्मचारियों से शिविर में उपस्थित होकर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का लाभ लेने की अपील की गई है।

### जनपद पंचायत रीठी के अध्यक्ष पद के लिये मतदान 17 मार्च को

**कटनी।** राज्य निर्वाचन आयोग ने कटनी जिले की जनपद पंचायत रीठी के अध्यक्ष पद के निर्वाचन की निगरानी के लिए सेवानिवृत्त राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी प्रकाश व्यास को प्रेक्षक नियुक्त कर दिया है। जनपद पंचायत रीठी के अध्यक्ष पद के लिए मतदान मंगलवार 17 मार्च को नियत किया गया है। चुनाव प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोकने और स्वतंत्र वातावरण सुनिश्चित करने के लिए 'मध्यप्रदेश पंचायत निर्वाचन नियम 1995' के तहत प्रेक्षक की नियुक्ति की गई है। नवनियुक्त प्रेक्षक प्रकाश व्यास 16 मार्च से 17 मार्च तक जिले में उपस्थित रहेंगें। निर्वाचन संपन्न होने के बाद उन्हें 3 दिनों के भीतर अपनी विस्तृत रिपोर्ट आयोग को सौंपनी होगी।

### आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण में बचाव एवं उपचार की दी जानकारी

**कटनी।** जिले में आपदा की स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 5 दिवसीय आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिभागियों को आपदा की स्थिति में त्वरित राहत एवं बचाव कार्यों की प्रक्रिया, खोज एवं बचाव तकनीक के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। विशेषज्ञ प्रशिक्षक वी के द्विवेदी सहायक प्राध्यापक शासकीय तिलक महाविद्यालय कटनी के द्वारा प्रतिभागियों को आपदा का प्रकार, भूकंप में किये जाने वाले प्राथमिक कार्य के बारे में जानकारी दी गई। तत्पश्चात द्वितीय विशेषज्ञ प्रशिक्षक अशोक जोशी, अभियंता, परियोजना कार्यान्वयन इकाई पीआईयू विभाग द्वारा आपदा से पूर्व एवं आपदा पश्चात संरचनाओं का सुरक्षित निर्माण के संबंध में महत्त्वपूर्ण प्रशिक्षण दिया गया।

---

#### बड़वारा थाना क्षेत्र के ग्राम जगतपुर उमरिया के पास चपहनी मोड़ के समीप हुआ हादसा

## भीषण हादसा : कार ने बाइक सवारों को रौंदा, चार युवकों की मौके पर ही मौत, 5 गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी




तेज रफ्तार ने चार युवकों की जान ले ली वही एक गंभीर रूप से घायल हो गया। बड़वारा थाना क्षेत्र में सोमवार रात करीब 11:30 बजे नेशनल हाईवे- 43 पर एक भीषण सड़क हादसा हुआ। पुलिस के अनुसार बाइक सवार चार युवक कटनी से उमरिया की ओर जा रहे थे तभी जगतपुर उमरिया गांव के पास चपहनी मोड़ पर विपरीत दिशा (उमरिया) से आ रही तेज रफ्तार कार क्रमांक MP 13 CC 4342 से सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि बाइक बुरी तरह चकनाचूर हो गई। घटनास्थल की जांच करते हुए पुलिसकर्मियों और मौजूद लोगों ने बताया कि कार और बाइक की दूरी के साथ सड़क पर घसीटे जाने के निशान से पता चलता है कि कार ने बाइक सवारों को करीब 50 फीट तक घसीटा है। वहीं कार से भी 20 मीटर दूर पर क्षतिग्रस्त बाइक मिली है। टक्कर की आवाज इतनी जोरदार थी कि आसपास के ग्रामीण और राहगीर तत्काल मौके पर जमा हो गए। हादसे के बाद नेशनल हाईवे पर करीब एक घंटे तक आवागमन अवरूद्ध रहा। हादसे की सूचना मिलते ही बड़वारा थाना पुलिस और 108 इमरजेंसी वाहन मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी को तत्काल बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने चारों बाइक सवारों को मृत घोषित कर दिया।

### हादसे में इनकी हुई मौत

हादसे में बाइक सवार जिन चार युवकों की मौत हुई है उनकी पहचान धीरेंद्र सिंह 18 साल, रामकिशोर सिंह 26 साल, रामदास सिंह 18 साल और इंद्रभान सिंह 25 साल के रूप में हुई है, जो उमरिया के मानपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले थे। परिजनों के अनुसार, रामकिशोर, रामदास और इंद्रभान सोमवार को ही महाराष्ट्र से मजदूरी कर वापस लौटे थे। धीरेंद्र सिंह उन्हें लेने के लिए बाइक से कटनी रेलवे स्टेशन गया था। स्टेशन से घर लौटते समय रास्ते में हादसा हो गया।

### कार सवार भी हुए घायल

हादसे में कार में सवार संपत बाई, सोनू पिता अमर सिंह 22 वर्ष, मदन लाल सिंगा 62 वर्ष, कैलाश पिता रमेश तेवर 25 वर्ष और प्रेम सिंह पिता वंशीलाल 36 वर्ष को गंभीर चोटें आई हैं। ये सभी राजगढ़ के हैं, जो अनूपपुर में अपने परिजनों से मिलने गए थे। घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद उनकी नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। वहीं चारों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए बड़वारा अस्पताल में रखा गया है।

### युवक को पैर कटा, एक गंभीर

उमरिया पान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बम्हनी के समीप मंगलवार को हुए सड़क हादसे में बाइक सवार युवक का पैर कटकर अलग हो गया, जबकि पीछे बैठा दूसरा युवक भी घायल हो गया। जानकारी के अनुसार उमरिया पान निवासी शिवम बर्मन अपने एक साथी के साथ बाइक से उमरिया पान से ढीमरखेड़ा की ओर जा रहा था। इसी दौरान सामने की ओर से आ रहे एक ट्रैक्टर के कल्टीवेटर से उनकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार एक युवक का पैर कटकर अलग हो गया, जबकि पीछे बैठे युवक को भी गंभीर चोटें आई हैं। घटना की जानकारी मिलते ही राहगीरों ने तत्काल उमरिया पान थाना प्रभारी महेंद्र जायसवाल को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ने तत्काल डायल-112 पुलिस स्टाफ को मौके पर भेजा। पुलिस टीम ने घायलों को तत्काल उमरिया पान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। प्रारंभिक जानकारी में ट्रैक्टर के कल्टीवेटर से टक्कर की बात सामने आई है, पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

---



## महापौर ने सुनी समस्यायें, शीघ्र समाधान के दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मंगलवार को आयोजित महापौर जनसुनवाई में शहर के विभिन्न वार्डों से पहुंचे नागरिकों ने अपनी समस्याएँ सीधे महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के समक्ष रखीं। सुबह 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक चली जनसुनवाई में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और नाली निर्माण, पेयजल आपूर्ति, सफाई व्यवस्था, अतिक्रमण ,पेंशन तथा राजस्व से जुड़े मामलों को लेकर आवेदन प्रस्तुत किए। महापौर ने सभी शिकायतों को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा समस्याओं के त्वरित और समयबद्ध निराकरण पर जोर दिया।

जनसुनवाई में कुल 43 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से कई मामलों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया, जबकि शेष प्रकरणों को संबंधित विभागों को सौंपते हुए शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने जनसुनवाई के दौरान कहा कि नगर निगम का उद्देश्य केवल शिकायतें प्राप्त करना नहीं, बल्कि उनका प्रभावी और स्थायी समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ लेते हुए उन पर संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य किया जाए। महापौर ने यह भी स्पष्ट किया कि प्रत्येक विभाग अपने-अपने स्तर पर नियमित रूप से समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करे, ताकि नागरिकों को राहत मिल सके और प्रशासन के प्रति विश्वास और मजबूत हो। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई के माध्यम से लोगों को अपनी बात रखने का सीधा मंच मिलता है, जिससे नगर निगम को भी शहर की वास्तविक आवश्यकताओं को समझने और योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने में मदद मिलती है।

---

*डीएमएफ से स्वीकृत कार्यों की कलेक्टर द्वारा की गई समीक्षा*

## पूर्ण हो चुके कार्यों के शीघ्र दें प्रमाण पत्र, जहां अतिक्रमण की समस्या है वहां करें कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला खनिज प्रतिष्ठान मद से संचालित निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने अपूर्ण कार्यों को समय-सीमा में शीघ्र पूरा कर संबंधित निर्माण एजेंसियों को कार्य का पूर्णता प्रमाण पत्र जारी करने की हिदायत दी। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में पावर प्रेजेंटेशन के माध्यम से विभागवार प्रगतिरत कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हरसिमरनप्रीत कौर, आयुक्त नगर पालिक निगम तपस्या परिहार, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी सुश्री धनश्री जैन तथा जिला परियोजना समन्वयक श्री प्रेमनारायण तिवारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिला खनिज प्रतिष्ठान अंतर्गत कुल 253 कार्य स्वीकृत हैं, जिनमें से 92 कार्य वर्तमान में प्रगतिरत हैं। कलेक्टर श्री तिवारी ने प्रत्येक प्रगतिरत कार्य की बिंदुवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री तिवारी ने निर्देश दिए कि जिन कार्यों में अतिक्रमण की समस्या है, वहां तत्काल अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाए। साथ ही जो कार्य पूर्ण हो चुके हैं, उनके कार्य पूर्णता प्रमाणपत्र शीघ्र जारी किए जाएं। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि जो कार्य कई वर्षों से अपूर्ण पड़े हैं, उन्हें प्राथमिकता के साथ जल्द से जल्द पूर्ण कराया जाए।

जिला खनिज प्रतिष्ठान मद से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा 46, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा 22, लोक निर्माण विभाग द्वारा 1, जल संसाधन विभाग द्वारा 5 तथा नगर निगम, जिला शिक्षा केन्द्र, मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम भोपाल, शासकीय महाविद्यालय विजयराघवगढ, जनभागीदारी समित, शासकीय महाविद्यालय बरही, मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहकारी दुग्ध समिति सांची, नगर परिषद बरही, और परियोजना क्रियान्वयन ईकाई कटनी के अंतर्गत 1-1 निर्माण कार्य प्रगतिरत है। जबकि अन्य विभागों में 10 कार्य निर्माणाधीन है। इस प्रकार जिला खनिज प्रतिष्ठान मद के अंतर्गत जिले में समीक्षा के दौरान 92 निर्माण कार्य प्रगतिरत पाये गये। इन्हें शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश कलेक्टर श्री तिवारी द्वारा दिये गये।

---

### गरीब महिलाओं को गेहूं, चावल व दाल किया वितरित



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बारडोली वेल्फेयर सोसायटी द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से गरीब महिलाओं को गेहूं ,चावल , दाल का वितरण किया गया। ग्राम पंचायत भवन बड़वारा में मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष अनुराग गुप्ता एवं सरपंच श्रीमति सुनैना चौधरी ,महिला बालविकास विभाग बड़वारा परियोजना अधिकारी इंद्र कुमार साहू के द्वारा रैली का आयोजन किया गया जिसमें बारडोली वेल्फेयर सोसायटी के अध्यक्ष रामलखन चौधरी ,देवरी हटाई मंडल उपाध्यक्ष संगीता बर्मन, माया गुप्ता, शिवकुमार चौधरी, राजेश चौधरी, मीरा विश्वकर्मा, रीतू बर्मन, रिया गुप्ता ,आरती चौधरी ,काशी विश्वकर्मा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, स्व सहायता समूह की महिलाएं एवं स्कूली छात्राए उपस्थिति रही। समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मान पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

---

## रिश्वत लेने का वीडियो वायरल होने पर पटवारी को किया गया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नक्शा बटांकन एवं सीमांकन कार्य के लिये रिश्वत लेने का वीडियो वायरल होने के बाद एसडीएम बहोरीबंद राकेश चौरसिया ने बहोरीबंद अनुभाग के अंतर्गत तहसील स्लीमनाबाद के ग्राम धरवारा में पदस्थ हल्का पटवारी महेन्द्र मिश्रा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन की यह कार्यवाही तहसीलदार स्लीमनाबाद के द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर की गई है। हाल ही में तहसील स्लीमनाबाद के ग्राम धरवारा में पदस्थ हल्का पटवारी श्री मिश्रा का एक वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें हल्का पटवारी के द्वारा कृषक बारेलाल से नक्शा बटांकन एवं सीमांकन कार्य हेतु पैसे की मांग करते एवं पैसा प्राप्त करते दिखाया जा रहा है। वायरल वीडियो सामने आने के बाद तहसीलदार स्लीमनाबाद के न्यायालय में चल रहे प्रकरणों में से ग्राम धरवारा के प्रकरणों की जांच की गई। जिसमें पाया गया कि लोक सेवा केन्द्र से आवेदक बारेलाल का आवेदन नक्शे में बटांकन हेतु प्राप्त हुआ है और उक्त प्रकरण पर न्यायालय तहसीलदार स्लीमनाबाद के द्वारा 29 जनवरी को ही आदेश पारित किया जा चुका है।

वायरल वीडियो में हल्का पटवारी श्री मिश्रा के द्वारा राशि की मांग किया जाना प्रथम दृष्टया दृष्टिगत होने के बाद हल्का पटवारी श्री मिश्रा को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। जिसके बाद हल्का पटवारी श्री मिश्रा के द्वारा प्रस्तुत जवाब समाधान कारक व युक्तियुक्त होना नहीं पाया गया।

हल्का पटवारी महेन्द्र मिश्रा के द्वारा अपने पदीय दायित्वों में लापरवाही एवं घोर अनियमितत्ताः किया जाना तथा कार्य के बदले अनुचित पैसो की मांग करना कदाचरण की श्रेणी में आता है। एसडीएम बहोरीबंद श्री चौरसिया ने का पटवारी श्री मिश्रा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय तहसील कार्यालय स्लीमनाबाद नियत किया गया है।

---

*कई सालों से समस्या की सुनवाई नहीं होने के लगाये आरोप*

## जन सुनवाई के दौरान पीड़ित ने किया हंगामा परिवार सहित आत्महत्या करने दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित जन सुनवाई के दौरान गहमा गहमी का माहौल निर्मित हो गया। दरअसल चार साल से लगातार शिकायत के बावजूद कार्रवाई न होने से परेशान पीड़ित ने अधिकारियों के सामने ही हंगामा कर दिया और न्याय नहीं मिलने पर पूरे परिवार के साथ आत्महत्या करने तक की चेतावनी दे डाली।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत कछंगवा, देवरी कला पीरबाबा निवासी कमोद प्रसाद विश्वकर्मा मंगलवार को अपने परिवार के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचा। उनका कहना है कि उनके क्षेत्र में लंबे समय से पानी निकासी और पीने के पानी की गंभीर समस्या बनी हुई है। इस समस्या को लेकर वे वर्ष 2022 से लगातार शिकायतें कर रहे हैं, लेकिन वर्ष 2026 तक भी समाधान नहीं हो पाया। पीड़ित का आरोप है कि एक शासकीय नाली की जमीन पर कब्जा कर निर्माण कर लिया गया है। इसी कारण क्षेत्र की पानी निकासी पूरी तरह बाधित हो गई है और आसपास के लोगों को पीने के पानी की भी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। पीड़ित का कहना है कि उन्होंने सैकड़ों बार शिकायत की, लेकिन अधिकारी केवल कागजी कार्रवाई और औपचारिकता तक ही सीमित रहे।

पीड़ित का आरोप है कि अधिकारियों ने उनकी समस्या का समाधान करने के बजाय उन्हें एक टेबल से दूसरी टेबल तक भटकाया। इससे आक्रोशित होकर उन्होंने जनसुनवाई कक्ष में ही विरोध जताया और अधिकारियों पर धक्का देकर बाहर निकालने तथा प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। इस दौरान उनके साथ मौजूद उनकी पत्नी ने भी प्रशासन को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही इस मामले में न्याय नहीं मिला तो वे अपने पूरे परिवार के साथ जहर का सेवन कर लेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन और शासन की होगी। इस दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थिति को देखते हुए पुलिस मौके पर पहुंची और समझाइश देकर मामले को शांत कराया।

इस संबंध में नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया ने बताया कि कमोद प्रसाद विश्वकर्मा ने जनसुनवाई में शिकायत दी है कि उनके क्षेत्र में पहले शासकीय नाला था, जिस पर निर्माण कार्य कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि इस मामले की पहले भी जांच कराई गई थी, जिसमें भूमि को निजी भूमि बताया गया था। फिलहाल पटवारी सहित संबंधित पक्षों से दस्तावेज मंगाकर मामले की पुनः जांच की जा रही है और दस्तावेजों के आधार पर आगे वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

---

#### निगमायुक्त ने राजस्व वसूली कार्य की समीक्षा कर दिये निर्देश

## लक्ष्य के अनुरूप वसूली नहीं करने पर 15 कर्मियों को नोटिस, दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नगर निगम की राजस्व वसूली नगर प्रशासन की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही कदापि स्वीकार नहीं की जाएगी। गठित दल के सभी राजस्व अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने-अपने वार्डों में सक्रिय रहकर बकायादारों से संपर्क स्थापित करते हुए निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप वसूली सुनिश्चित करनी होगी। उक्त निर्देश निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने सोमवार शाम आयोजित राजस्व वसूली कार्य की प्रगति की समीक्षा बैठक के दौरान वसूली दल को दिए। बैठक में राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक, सहायक राजस्व अधिकारी सागर नायक सहित वसूली कार्य हेतु गठित दल के कर्मचारी मौजूद रहे।

### कम वसूली पर फटकार

निगमायुक्त ने वसूली कार्य की स्थिति की वार्डवार एवं कर्मचारी वार विस्तृत समीक्षा करते हुए लक्ष्य के अनुरूप प्रगति नहीं पाए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने वसूली कार्य के रुचि नहीं लेने वाले कर्मचारियों को कार्यप्रणाली में तत्काल सुधार लाने की हिदायत देते हुए स्पष्ट किया कि राजस्व वसूली में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

निगमायुक्त ने वार्डवार संपत्ति कर, जल उपभोक्ता प्रभार एवं अन्य राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए 30 प्रतिशत से कम वसूली करने वाले वसूली कर्ताओं पर नाराजगी व्यक्त की जाकर 15 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश राजस्व अधिकारी को दिए।

निगमायुक्त ने चेतावनी देते हुए कहा कि वित्तीय वर्ष समाप्ति में अब मात्र 21 दिन शेष बचे हैं। ऐसे में लक्ष्य के अनुरूप वसूली नहीं करने वाले अन्य कर्मचारी भी अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए तैयार रहें। उन्होंने वसूली अमले को वार्ड का नियमित भ्रमण कर बकायेदारों से डोर-टू-डोर संपर्क करने के साथ ही विशेष अभियान चलाकर राजस्व वसूली कार्य में तेजी लाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

बैठक में निगमायुक्त ने 14 मार्च को आयोजित होने वाली लोक अदालत की तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि अधिक से अधिक नागरिकों को लोक अदालत का लाभ दिलाने के लिए समय रहते व्यापक योजना तैयार कर ली जाए। उन्होंने शेष बचे करदाताओं की वार्डवार सूची तैयार कर गठित टीमों के माध्यम से नागरिकों से संपर्क करने तथा लोक अदालत में मिलने वाली छूट की जानकारी देकर अधिक से अधिक बकाया करों की वसूली सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया । उन्होंने लोक अदालत के दौरान प्रत्येक काउंटर में पीओएस मशीन अनिवार्य रूप से रखने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। निगमायुक्त ने लोक अदालत शिविरों के स्थल, काउंटर व्यवस्था एवं विभिन्न माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए, ताकि अधिक से अधिक नागरिक लोक अदालत में मिलने वाली छूट का लाभ आसानी से उठा सकें।

---

## धरा गया तस्कर, 55 हजार रूपए कीमती गांजा बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

एनकेजे पुलिस ने बजरंग कॉलोनी नदी पुल के पास एक आदतन आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से 3 किलो 811 ग्राम गांजा बरामद किया है। जब्त गांजे की कीमत करीब 55 हजार रुपये बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में नशे के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत बीती रात एनकेजे पुलिस को पेट्रोलिंग के दौरान बजरंग कॉलोनी नदी पुल के पास एक संदिग्ध व्यक्ति पिट्ठू बैग लेकर जाता दिखाई दिया।

पुलिस ने उसे पकड़कर पूछताछ की जिसने अपना नाम हरिओम राजपूत 45 निवासी दुर्गा चौक खिरहनी बताया। तलाशी लेने पर उसके बैग से चार पैकेट में रखा 3 किलो 811 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी आदतन अपराधी है और उसके खिलाफ जिले के अलग-अलग थानों में एनडीपीएस एक्ट सहित कुल 10 आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर यह पता लगाने में जुटी है कि वह गांजा कहां से लाया था और किसे सप्लाई करने वाला था।

कार्रवाई में थाना प्रभारी रूपेन्द्र राजपूत, एसआई मनोज कोडापे, एसआई सहपाल परतेती, एसआई केवल उइके, प्रधान आरक्षक प्रहलाद सैयाम, प्रधान आरक्षक शैलेष दमोहिया, आरक्षक अर्पित पटेल और एनआरएस सोनू कहार की सराहनीय भूमिका रही।

## खबर संक्षेप



### चरवाहों और ग्राम वन समिति सदस्यों का सम्मेलन

**स्लीमनाबाद।** वन मण्डलाधिकारी कटनी गर्वित गंगवार के निर्देशन में एवं सुरेश बरोले एसडीओ कटनी के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र रीठी के कुम्हरवारा में चरवाहों /समिति सदस्यों का सम्मेलन किया गया। जिसमें वन परिक्षेत्र अधिकारी महेश पटेल द्वारा वन्य प्राणी की सुरक्षा ,चराई ,अग्नि सुरक्षा ,अतिक्रमण की रोकथाम एवं मुखबिर तंत्र के सुदृढ़ करने पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही एकलव्य योजना, फसल हानि, पशु हानि,जन घायल एवं अन्य शासन की योजना के बारे जानकारी दी। आयोजन में कुम्हरवारा, घुड़हर, घुड़हरी, इमलाज, घुघरा, घिनौची, के ग्राम वन समिति अध्यक्ष एवं सदस्य एवं जनपद सदस्य कमलेश कोल एवं संतोष बर्मन उपस्थित रहे। वन विभाग से परिक्षेत्र सहायक बिलहरी दिनेश पटेल, परिक्षेत्र सहायक रमपुरा गजेंद्र नाग, वन रक्षक सुरेश सिंह, जहांगीर ध्रुवे, कृष्णकांत गर्ग, सुखवंती सिंह, अनिल यादव, शाश्वत शिवहरे उपस्थित रहे।

### किसान 20 मार्च तक करा सकेंगे सरसों का पंजीयन

**कटनी।** भावांतर योजना अंतर्गत समर्थन मूल्य पर ई-उपार्जन पोर्टल पर सरसों का पंजीयन प्रारंभ है। कलेक्टर आशीष तिवारी ने किसान भाईयों से आग्रह किया है कि वे 20 मार्च तक अपना पंजीयन करा लेंवे। कलेक्टर श्री आशीष तिवारी के निर्देश पर जिले में गेहूँ पंजीयन के लिए निर्धारित 55 पंजीयन केन्द्रों में ही सरसों का पंजीयन किया जा रहा है। उपसंचालक कृषि ने बताया कि भावांतर योजनांतर्गत सरसों हेतु विक्रय अवधि 23 मार्च से 30 मई नियत की गई है। योजना सिर्फ राज्य की अधिसूची मंडियों में ही मान्य है। उन्होंने कृषकों से अपील है कि भावांतर योजना का लाभ उठाने हेतु अपनी सरसों फसल का पंजीयन कराना सुनिश्चित करें।

### जनसुनवाई में सुनीं 176 आवेदकों की समस्याएं

**कटनी।** कलेक्ट्रेट में मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम में अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्रा ने 176 आवेदकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान बाबा नारायण शाह वार्ड, माधवनगर कटनी निवासी अमृतलाल कटारिया ने अपनी समस्या बताते हुए कहा कि मेरी पत्नी सुशीला देवी कटारिया का नाम पात्रता पर्ची से काट दिया गया है। दुबारा नाम जुड़वा दीजिए जिससे हमें राशन प्राप्त हो सके। इस पर जिला आपूर्ति अधिकारी को पात्रतानुसार पात्रता पर्ची में नाम जुड़वाने के निर्देश दिये गये। ग्राम जोबी कलां निवासी दिनेश चन्द्र दुबे ने अपनी शिकायत में बताया कि मैंने फरवरी माह में किसान पंजीयन हेतु ऑनलाईन आवेदन किया गया था। परंतु, अभी तक पंजीयन नहीं हो सका है। इस कारण मुझे गेंहू उपार्जन के लिए पंजीयन कराने में समस्या हो रही है। इस पर कटनी ग्रामीण तहसीलदार को आवेदक की समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए गये।

## रेलवे के अधिकारियो के लिखित आश्वासन के बाद आंदोलन हुआ स्थगित, 15 दिनों का अल्टीमेटम

# स्लीमनाबाद रेलवे स्टेशन में एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टॉपेज के लिए फूटा जनआक्रोश, हजारों की संख्या में जुटे ग्रामीण





हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

स्लीमनाबाद रेलवे स्टेशन में विभिन्न ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग को लेकर मंगलवार को ग्राम विकास संघर्ष समिति के तत्वाधान मै जनआक्रोश का सैलाब उमड़ा। ग्राम विकास संघर्ष समिति के तत्वावधान में आयोजित इस वृहद आंदोलन में सुबह 8 बजे से ही हजारों की संख्या में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, अपडाउनर्स और ग्रामीण जुटना शुरू हो गए थे। आंदोलनकारियों की स्पष्ट मांग थी कि स्लीमनाबाद में प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित किया जाए, जिसके अभाव में क्षेत्रवासियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

### इन ट्रेनों के ठहराव की मांग

आंदोलन के दौरान ग्रामीणों ने मुख्य रूप से रीवा-इतवारी एक्सप्रेस, जबलपुर-अंबिकापुर इंटरसिटी और जबलपुर-सिंगरौली इंटरसिटी के स्टॉपेज की मांग पुरजोर तरीके से रखी। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि स्लीमनाबाद एक महत्वपूर्ण केंद्र है, लेकिन ट्रेनों के न रुकने से व्यापारियों, छात्रों और मरीजों को मजबूरन लंबी दूरी तय करनी पड़ती है।

आंदोलन कारियो ने किया रेलवे ट्रेक कुछ तो पुलिस व रेलवे सुरक्षा बल ने संभाला मोर्चा -शांति पूर्ण तरीके से चल रहे आंदोलन के बाद आंदोलन कारियो ने रेलवे ट्रेक की ओर कूच करने निकले,तब पुलिस व रेलवे सुरक्षा बल ने मोर्चा संभाला। आंदोलन कारी रेलवे ट्रेक की ओर न जा पाए इसके लिए स्टेशन के बाहर ही बेरीकेडिंग कर दी गईं। इस दौरान वाणिज्य रेल मंडल प्रबंधक नीतेश सोनी, एसडीएम राकेश चौरसिया, एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी, तहसीलदार सारिका रावत, आकाशदीप नामदेव, थाना प्रभारी सुदेश सुमन, अखिलेश दाहिया, अभिषेक चौबे ने आंदोलन कारियो से बात की रेलवे ट्रेक की ओर जाने से रोका।

अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को शांत कराते हुए आश्वस्त किया कि उनकी मांगें प्रक्रिया में हैं। इस दौरान एक आधिकारिक पत्र भी सौंपा गया जिसमें निम्नलिखित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। बतलाया गया कि रीवा-इतवारी एक्सप्रेस (11753/54) इस ट्रेन के प्रायोगिक ठहराव के लिए रेलवे बोर्ड से मंजूरी मिल चुकी है, जिसकी अधिसूचना जल्द जारी होगी। जबलपुर-अंबिकापुर और जबलपुर-सिंगरौली इंटरसिटी के ठहराव का प्रस्ताव भी रेलवे बोर्ड को अग्रेषित कर दिया गया है।अधिकारियों के इस लिखित आश्वासन के बाद समिति ने फिलहाल आंदोलन को विराम देने का निर्णय लिया लेकिन अल्टीमेटम भी दिया गया कि यदि 15 दिवस मै उक्त ट्रेनों का ठहराव स्लीमनाबाद रेलवे स्टेशन मै नही होता तो फिर विशाल आंदोलन किया जायेगा।

इस प्रदर्शन में ग्राम विकास संघर्ष समिति अध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य प्रदीप त्रिपाठी, अमरदीप साहू, दीपक तिवारी, सरपंच कल्लू दास बैरागी, प्रमिला ब्रजेश साहू,मदन सिंह, जगदेव पटेल, महेंद्र दुबे, रामानुज पांडे, ईश्वर चंद्र त्रिपाठी, सीताराम दुबे, अमित गर्ग, विजय साहू, दीनू पांडे, संटु अग्रहरि, अरविंद अग्रहरि, संतोष सिंह, विक्की जैन, अजय विश्वकर्मा, बिंदेश्वरी पटेल, गंगाधर बडगैया, अविनाश तिवारी, मंगल सिंह, माधुरी जैन, अजय नामदेव, जितेंद्र सिंह, विपिन सिंह सहित बड़ी संख्या ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### रेत के अवैध परिवहन पर ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**उमरियापान।** रेत का अवैध रूप से परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को उमरियापान पुलिस ने जब्त किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम परसेल नदी क्षेत्र से अवैध रूप से रेत का परिवहन किया जा रहा है। वरिष्ठ अधिकारियों निर्देशन में थाना प्रभारी महेंद्र जायसवाल के नेतृत्व में पुलिस टीम सक्रिय हुई। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और ग्राम परसेल के खेल मैदान के पास घेराबंदी कर ट्रैक्टर को रोककर जांच की।जांच के दौरान पाया गया कि ट्रैक्टर-ट्रॉली रेत से पूरी तरह भरा हुआ था। ट्रैक्टर चालक से रेत परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वह कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पूछताछ में चालक ने अपना नाम देवीदीन कोल पिता कुमेश कोल 21 वर्ष निवासी ग्राम परसेल बताया। रेत के अवैध परिवहन की पुष्टि होने पर मौके पर ही ट्रैक्टर-ट्रॉली और उसमें भरी रेत को धारा 106 बीएनएसएस के तहत गवाहों की उपस्थिति में जब्त कर थाना परिसर लाकर सुरक्षित खड़ा कर दिया गया। चालक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर जुर्माने की कार्रवाई हेतु कलेक्टर कार्यालय स्थित खनिज विभाग कटनी को भेज दिया गया है। कार्रवाई में प्रधान आरक्षक अजय सिंह, आरक्षक अजय तिवारी, आशीष झरिया, योगेश पटेल, सतेन्द्र चौरसिया, मोहन मोबेल तथा रोहित झारिया की सराहनीय भूमिका रही।

## कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# बेटियों का सम्मान और शिक्षा दिलाने दिलाया संकल्प, आत्मरक्षा एवं सुरक्षा को लेकर किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

महिला एवं बाल विकास विभाग एकीकृत परियोजना बहोरीबंद के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर आत्मरक्षा एवं सुरक्षा जागरूकता पर कस्तूरबा गाँधी बालिका छात्रावास स्लीमनाबाद में कार्यक्रम आयोजित किया जहाँ पर्यवेक्षक पुष्पा आरख ने छात्राओं को जागरूकता संदेश करते हुए कहा कि वर्तमान समय में महिलाएं किसी से कम नही है।



महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है।महिलाएं अब देश की सेवा मैं भी आगे आ रही है। इसलिए बेटियाँ बोझ नही है बल्कि वरदान।बेटियां बेटो के समान है।बेटियां आगे बढ़कर दो परिवारों का नाम रोशन करती है।वही छात्राओं को आत्मरक्षा हेतु निडर होकर मनचलों का सामने करने ,घरेलू हिंसा,दहेज अधिनियम सहित अन्य विषयों पर विस्तृत चर्चा की गईं। महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों व दुष्परिणामों से कैसे पार पाना है उसके लिए महिला हेल्पलाइन नम्बरो की जानकारी दी। साथ ही बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा एवं सम्मान के महत्व के बारे मै विस्तार से जानकारी दी गईं।

छात्राओं को बताया गया कि सरकार द्वारा बेटियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही है!बालिकाओं को शिक्षा के प्रति जागरूक रहने, अपने स्वास्थ्य एवं पोषण का ध्यान रखने तथा समाज मै बेटियों के सम्मान को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया गया!पर्यवेक्षक ने कहा कि हर महिला को सम्मान और गरिमा के साथ जीने का अधिकार है। सभी बच्चों के लिए मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का प्रावधान है। पुरुषो के समान ही महिलाओ को भी संविधान से अधिकार प्राप्त है इसलिए महिलाये अपने अधिकारों के बारे मे जाने ओर अधिकारों का उपयोग करें जिससे महिलाये भी देश की उन्नति व प्रगति का हिस्सा बने इस दौरान बालिकाओं द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के नारे लगाए गये तथा सभी ने मिलकर बेटियों के सम्मान ओर शिक्षा को बढ़ावा देने की शपथ ली गईं।

इस दौरान छात्रावास वार्डन सपना दीवान, सहायक वार्डन सविता अग्रवाल, आँगनबाड़ी कार्यकर्ता सोनू दुबे,सहित महिलाओ व छात्राओं की उपस्थिति रही।

## ग्राम सभाओं में विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा



जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर के निर्देश पर जिले की सभी जनपद पंचायतों की ग्राम पंचायतों में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। आयोजित ग्राम सभाओं में महिलाओं एवं नागरिकों की उत्साह जनक भागीदारी रही। जिला पंचायत सीईओ के निर्देश पर ग्राम पंचायतों में पूर्व में नियुक्त नोडल अधिकारियों की मौजूदगी में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा निर्धारित एजेंडा के मुताबिक महिला एवं बाल विकास, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, श्रम, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत मध्यप्रदेश राज्य रोजगार गारंटी परिषद, पंचायत राज संचनालय, राज्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण),मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, वन विभाग,राज्य जैव विविधता बोर्ड सहित अन्य विषयों पर अध्यक्ष की अनुमति से चर्चा एवं कार्यवाही हुई। ग्राम सभाओं में बाल विवाह रोकथाम हेतु शपथ, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही, महिला सशक्तिकरण, आर्थिक आत्मनिर्भरता,स्वावलंबन के संबंध में ग्रामीणों द्वारा चर्चा की गई।

# लक्ष्य के अनुसार श्रमिक नियोजन में प्रगति लाएं वरना होगी कठोर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

ग्रीष्म काल की आहट को दृष्टिगत रखते हुए नागरिकों को शुद्ध पेयजल की उपलब्धता हेतु जल जीवन मिशन के अंतर्गत की गई अग्रिम तैयारियों एवं कराए गए कार्यों की जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने विस्तार से समीक्षा की। सोमवार को जिला पंचायत के सभा कक्ष में आयोजित पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक में जिला पंचायत सीईओ ने नागरिकों की समस्याओं के प्रति जवाबदेही से संवेदनशील रहकर तत्परतापूर्वक कार्यवाही कर समाधान करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को समन्वय स्थापित कर प्रत्येक ग्राम पंचायत में पेयजल की उपलब्धता हेतु सूक्ष्म रूप से निगरानी करते हुए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर ने सांसद एवं विधायक निधि से स्वीकृत कार्यों, अपूर्ण आंगनबाड़ी भवनों, अधोसंरचना मद, स्टांप शुल्क राज्य स्तर से स्वीकृत नवीन पंचायत भवन एवं सामुदायिक भवन सहित मनरेगा योजना एवं अन्य योजनाओं एवं विभागों से स्वीकृत प्रगतिरत कार्यों को तकनीकी मानकों का पालन करते हुए पूर्ण कराए जाकर सीसी जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वित्तीय सत्र समापन के पूर्व निर्धारित लक्ष्य के अनुसार श्रमिक नियोजन में प्रगति लाएं अन्यथा कठोर कार्रवाई के लिए तैयार रहें।



## ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति एवं नवांकुर सखी को दिया प्रशिक्षण

# पिपरिया परौहा को नशा और प्लास्टिक मुक्त ग्राम बनाने दिलाया गया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

ग्राम पंचायत पिपरिया परोहा के पंचायत भवन में जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था युवा सवेरा समिति के तत्वावधान में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति एवं नवांकुर सखियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य आदर्श ग्राम पंचायत की परिकल्पना को साकार करने तथा ग्राम स्तरीय समितियों की क्षमता वृद्धि करना रहा। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पप्पू मिश्रा जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि एवं विशिष्ट अतिथि ग्राम पंचायत सरपंच शकुन बाई कोल उपस्थित रहीं। माल्यार्पण के पश्चात प्रेरणा गीत के साथ प्रशिक्षण सत्र प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रस्फुटन शक्ति संचयन अभियान के तहत ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों की क्षमता वृद्धि, ग्राम के समग्र विकास, स्वैच्छिक विकास एवं सामाजिक संगठनों को सशक्त बनाने, पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्त ग्राम तथा सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त ग्राम बनाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ गोवर्धन रजक द्वारा प्रतिभागियों को आदर्श ग्राम की परिकल्पना, ग्राम विकास के सतत आयामों समितियों का दस्तावेजीकरण एमआईएस फीडिंग, सूचना बोर्ड निर्माण, कार्यालय निर्माण,तथा जनभागीदारी की भूमिका पर विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉ. तेज सिंह केसवाल द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण उपरांत प्रमाण पत्र वितरित किए गए तथा उन्हें कार्य योजनाओं के अनुरूप कार्य करते हुए ग्राम विकास में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक जगन सिंह मसराम ने उपस्थित प्रतिभागियों को आदर्श ग्राम निर्माण के संकल्प की शपथ दिलाई।कार्यक्रम में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्य सहित पूर्व जनपद सभापति आशा गोवर्धन रजक, पूर्व जनपद सदस्य कौशल किशोर बर्मन, ग्राम पंचायत सचिव प्रकाश चौधरी, सहायक सचिव अमर बहादुर यादव, मैकू लाल चक्रवर्ती, रामदयाल लखेरा, लल्लू लाल, रामकुमार कोल, नवांकुर सखियाँ तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों की सराहनीय उपस्थिति रही।



## निगमायुक्त ने योजनाओं एवं विकास कार्यो की समीक्षा कर दिये निर्देश

# अवैध मैरिज गार्डन एवं कॉलोनी के प्रकरणों पर ठोस कार्यवाही करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर के समग्र विकास एवं जन सुविधाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा नगर निगम के माध्यम से संचालित शासकीय योजनाओं एवं विकास कार्यो की विस्तृत समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को क्रमबद्ध लक्ष्य निर्धारित करते हुए समय-सीमा में कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान निगमायुक्त ने जल गंगा संवर्धन अभियान की तैयारियां प्रारंभ करने, अवैध कॉलोनी के प्रकरणों पर ठोस कार्यवाही करने सहित सार्वजनिक प्याऊ का संचालन शीघ्र प्रारंभ करने पर विशेष जोर दिया।



निगमायुक्त ने 19 मार्च से प्रारंभ होने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में नगर निगम द्वारा आयोजित की जाने विभिन्न गतिविधियों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए जलप्रदाय शाखा को नगर की नदियों, एवं तालाबों की सफाई कराने के साथ ही भू- जल स्रोतों को पुनर्जीवित कर सुरक्षित एवं स्वच्छ बनाने हेतु नगर के सार्वजनिक कुओं का जीर्णोद्धार कर उनमे पेंटिंग करने के साथ ही रिचार्ज वाटर पिट का निर्माण कराने की दिशा में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने नदियों का सीमांकन कराकर जल निकायों से अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही हेतु भी अधिकारियों को निर्देशित किया।

निगमायुक्त ने बैठक के दौरान कहा कि नगर में अवैध कॉलोनी के प्रकरण स्वीकृत नहीं किये जाएगें इस हेतु उपयंत्री वार्ड स्तर पर रोजाना भ्रमण कर अवैध कॉलोनी पर सख्त नजर रखें। अवैध कॉलोनी के ऐसे प्रकरण जिनमें एफ.आई.आर की कार्यवाही होना शेष है उनमें शीघ्रता से कार्यवाही की जाए। बैठक में निगमायुक्त ने अवैध कॉलोनी में विकास कार्य मुहैया कराने हेतु नियमानुसार विकास शुल्क शिविरों का आयोजन करने तथा अवैध मैरिज गार्डन संचालकों के विरूद्ध भी नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

निगमायुक्त ने ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए नागरिकों एवं राहगीरों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए नगर के विभिन्न स्थलों में संचालित किये जाने वाले प्याऊ की जानकारी लेकर स्थलों का चयन करते हुए निगम प्रशासन द्वारा सार्वजनिक प्याऊ संचालन की आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश जल विभाग को दिए गए।

### कम प्रगति पर जताई नाराजगी

प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर योजना के तहत नगर के स्ट्रीट वेंडरों को योजना से लाभान्वित करने हेतु प्राप्त आवेदनों तथा बैंकों को ऋण स्वीकृति हेतु प्रेषित प्रकरणों की प्रगति कम पाये जाने पर निगमायुक्त ने नाराजगी व्यक्त करते हुए योजना प्रभारी यश रजक को रोजाना का लक्ष्य निर्धारित कर नगर के अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करने की हिदायत दी।

### तो करें ब्लैक लिस्ट

नगर में चार नई आंगनबाड़ी निर्माण हेतु स्थल चयन एवं टेंडर की प्रक्रिया के पश्चात आगामी कार्यवाही शीघ्र करनें, फिश पार्लर हेतु एल.ओ.ए जारी करने, के.सी.एस स्कूल में निर्माणाधीन ई-लाइब्रेरी का शेष कार्य शीघ्र पूर्ण करानें अन्यथा की स्थित में ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट की कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

# भीमराव अंबेडकर जयंती मनाने को लेकर भीम आर्मी ने बैठक में बनाई रूपरेखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

बड़वारा में स्थित भारत एकता मिशन के कार्यालय में मीटिंग आयोजित की गई। आगामी 14 अप्रैल को डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती मनाने हेतु प्रोग्राम रखा गया जिसमें भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाने के लिए जगह चिन्हित की गई। जगह चिन्हित की गई। बड़वारा में भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी के तत्वाधान में शोषित वर्गों को न्याय दिलवाने कारगर कदम उठाए जाते हैं। प्रशासन द्वारा यदि शोषितों दलितों के अधिकारों का हनन किया जाता है तो भीम आर्मी द्वारा विरोध कर कार्रवाई करवाई जाती है एवम दलितों व उपेक्षित वर्ग को न्याय दिलाया जाता है हर सम्भव प्रयास किये जाते हैं।



बैठक में में भीम से आर्मी चंद्रभान बौद्ध, जिला अध्यक्ष- संदीप चौधरी, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष- जय सूर्यवंशी, जिला उपाध्यक्ष- तीरथ चौधरी, जिला उपाध्यक्ष- नागेंद्र अहिरवार, जिला कोषाध्यक्ष- अनिमेष पटेल, जिला सचिव- साजन दास, जिला वरिष्ठ महासचिव- सुनील कुमार, तहसील अध्यक्ष- मुकेश कुमार, जय लाल सिंह, यूराज सिंह, रमेश सरपंच, अतरिया मूलचंद सिंह, सर्रा दिनेशयादव, रोहाना पटेल राजेन्द्र सिंह, सेयाम विश्वकर्मा सुंदर लाल मार्को, सुधीर चौधरी, सुरेश कुमार साहू अयूबभाई जान, संतोष साहू जी, सोने सिंह, सचु यादव शिवम कोरी , दिनेश कोल, किरपाल सिंह, कटरिया मनोज पाटकर, कटरिया अकू दहिया, कटरिया सोहन सिंह, परदीप सिंह, बाजबान सिंह रोहित पटेल, रोशन केवट, सूरज नामदेव, राहुल सेन की मौजूदगी रही।

**खबर संक्षेप**

## 175 कोटवार एक दिवस के लिये विशेष पुलिस अधिकारी नियुक्त

**दमोह।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का नगर हटा आगमन प्रस्तावित होने पर जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने हटा की तहसील हटा एवं तहसील पटेरा के 175 कोटवारों को कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के अंतर्गत हटा हेतु 11 मार्च 2026 (एक दिवस) के लिये विशेष पुलिस अधिकारी नियुक्ति किया है।

## ऑनलाईन पोर्टल पर कार्यशाला 12 मार्च को

दमोह। राज्य शासन ने खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भंडारण की रोकथाम, नियंत्रण के लिये जिला स्तरीय टास्क फोर्स का गठन किया है। इस संबंध में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर की मौजूदगी में 12 मार्च 2026 को प्रातः 10.30 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में टास्क फोर्स की बैठक एवं खनिज विभाग के ऑनलाईन पोर्टल पर कार्यशाला आयोजित की गई है। जिला खनिज अधिकारी ने सभी संबंधितों से नियत तिथि एवं समय पर बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

## वन कर्मियों ने मोहन्द्रा में किया अजगर का सफल रेस्क्यू, सुरक्षित जंगल में छोड़ा गया

**पन्ना।** दक्षिण पन्ना वनमण्डल अंतर्गत मोहन्द्रा वन परिक्षेत्र में मोहन्द्रा निवासी श्री जगजीवन चौरसिया के घर के पास अजगर सर्प दिखाई देने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम सक्रिय हुई और वनरक्षक हरिशंकर अहिरवार एवं जय प्रकाश दुबे द्वारा तत्परता से मौके पर पहुंचकर अजगर का सुरक्षित रेस्क्यू किया गया।

### 181 शिकायतों का हुआ निराकरण, बड़ी संख्या में महिलाओं ने रखीं अपनी समस्याएं

# जनसुनवाई की पूरी जिम्मेदारी 38 महिला अधिकारियों, कर्मचारियों ने बखूबी निभाई

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर कलेक्टर श्री कोचर ने की अनूठी पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह





अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर की पहल पर आयोजित जनसुनवाई में इस बार एक विशेष नवाचार देखने को मिला। इस जनसुनवाई की पूरी जिम्मेदारी महिला अधिकारियों और कर्मचारियों को सौंपी गई, ताकि महिलाएं अपनी समस्याएं सुगमता से रख सकें। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं और अपनी समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन प्रस्तुत किए।

जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल ने इस पहल को अनुकरणीय बताते हुए कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में यह एक सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है कि जब महिलाएं आगे बढ़ेंगी और नेतृत्व की भूमिका निभाएंगी, तब देश और अधिक सशक्त और विकसित बनेगा। उन्होंने कहा कि आज के कार्यक्रम में महिला अधिकारी और जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित हुए हैं और महिला अधिकारी सरलता एवं सहजता से लोगों की शिकायतें सुनकर उनका समाधान कर रही हैं।

अपर कलेक्टर मीना मसराम ने कहा कि महिलाओं को सशक्त करने और उनमें आत्मविश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से आज की जनसुनवाई पूरी तरह महिला अधिकारियों द्वारा संचालित की जा रही है। उन्होंने बताया कि जनसुनवाई में महिलाओं की भागीदारी काफी अधिक रही और उनकी समस्याओं का समाधान भी किया जा रहा है। यह जनसुनवाई 38 महिला अधिकारी-कर्मचारियों के माध्यम से संचालित की जा रही है, जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

तहसीलदार भू-प्रबंधन वर्षा दुबे ने कहा कि कलेक्टर कोचर द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर यह नवाचार किया गया है। आज की जनसुनवाई का पूरा दायित्व महिला अधिकारी-कर्मचारियों को दिया गया है, जिससे महिलाएं अपनी समस्याएं खुलकर महिला अधिकारियों के समक्ष रख सकें और उन्हें किसी प्रकार की झिझक महसूस न हो।

तहसीलदार पारूल चौधरी ने बताया कि इस जनसुनवाई में अब तक कुल 181 शिकायतों का निराकरण किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई में आने वाले आवेदकों में लगभग 40 से 50 प्रतिशत महिलाएं थीं। कई शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया, जबकि शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजा गया है।

एसआई गरिमा मिश्रा ने कहा कि कलेक्टर श्री कोचर ने सभी विभागों में पदस्थ महिला अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मान देने तथा महिलाओं की समस्याओं को प्राथमिकता से सुनने के उद्देश्य से इस विशेष जनसुनवाई का आयोजन कराया है।

दमोह हेल्पलाइन सुपरवाइजर अंशु सेन ने इसे कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर की एक अभिनव पहल बताते हुए कहा कि महिला अधिकारी के सामने महिलाएं अपनी समस्याएं खुलकर और आसानी से रख सकती हैं।

वहीं नोएडा की रहने वाली आवेदक प्रियंका गुप्ता ने कहा कि यह बहुत अच्छी पहल है, जिससे महिलाएं अपनी समस्या महिला अधिकारी के सामने खुलकर बता पा रही हैं और यहां समस्याओं का निराकरण भी तेजी से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि किसी भी आवेदक को अधिक समय तक इंतजार नहीं करना पड़ रहा है। जनसुनवाई के उपरांत अपर कलेक्टर मीना मसराम ने सभी महिला अधिकारियो, कर्मचारियो का सम्मान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# लड़ईयां ने दो लोगों पर किया हमला

### वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व की झापन रेंज के सोमखेड़ा गांव का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



गर्मियों का मौसम शुरू होते ही जंगल में रहने वाले जानवर भूख-प्यास व पानी की तलाश में जंगलों से बाहर निकलकर ग्रामीण क्षेत्रों में प्रवेश कर रहे हैं और लोगों पर हमला कर घायल कर रहे हैं। ऐसा ही मामला सोमवार की रात वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व से सामने आया है जहां टाइगर रिजर्व की झापन गेम परिक्षेत्र के अंतर्गत एक ग्राम में लड़ाईयां ने घर में घुसकर दो लोगों पर हमला कर घायल कर दिया है जिन्हें परिजनों गंभीर हालत में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां पर घायलों का इलाज चल रहा है। मामला झापन रेंज के सोमखेड़ा गांव का है जहां पर घर के बाहर जंगली जानवर (लड़ईयां) ने दो लोगों पर हमला कर दिया। जिसमें एक महिला और युवती घायल हो गई है। दोनों घायलों को सोमवार रात इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों के द्वारा उनका इलाज किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सोमखेड़ा निवासी निधि पिता सीताराम पटेल उम्र 19 वर्ष और 48 वर्षीय सुशील पति प्रेम सिंह निवासी सोमखेड़ा दोनो लोगों के घर में घुसकर लड़इया ने हमला कर घायल कर दिया। दोनों ने अपना बचाव किया जिससे जंगली जानवर ने उनके हांथ में कई जगह काट लिया है घटना उस समय हुईं जब दोनों पड़ोसी घर में अकेले काम कर रही थी। आवाज सुनकर परिजन घर के अंदर पहुंचे तो लड़इया भाग निकला। दोनों घायलों को इलाज के लिये जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। वहीं घटना की सूचना वन विभाग को दी गई।

टाइगर रिजर्व प्रबंधन को दी सूचना घटना की सूचना मिलते ही दमोह रेंजर विक्रम चौधरी ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों से घटना की जानकारी ली। उन्होंने बताया की घटना टाइगर रिजर्व के झापन रेंज के सोमखेड़ा गांव में हुई है। घायल अस्पताल पहुंचे तो वह भी अपने स्टाफ के साथ घायलों से मिलने पहुंचे। उनसे घटना की जानकारी लेने के बाद इसकी सूचना झापन रेंज की टीम व टाइगर रिजर्व प्रबंधन को दी गई है। वहीं दमोह रेंजर विक्रम सिंह ने लोगों से अपील की है गर्मियों का सीजन शुरू हो चुका है। अब जंगल में रहने वाले जानवर पानी की तलाश में जंगलों से बाहर निकलकर गांवों में पहुंचते हैं लोग सावधानी बरतें। अपने घरो के दरवाजे बंद कर रखें साथ ही सावधान रहें यदि ऐसा कोई भी जानवर आसपास देखता है तो उसकी सूचना वन विभाग को दे।

## जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन कल

**दमोह।** भारत शासन की राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (आरजीएसए) सीएससी की बैठक 18 दिसम्बर 2025 में पारित प्रस्ताव के अंतर्गत जिलों में पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के परिपालन में जिले में स्थानीय पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला स्तरीय एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे ने बताया कि यह जिला स्तरीय पारंपरिक कबड्डी प्रतियोगिता 12 मार्च को प्रातः 11 बजे से इंडोर स्टेडियम, सिविल वार्ड, डॉ. राजीव पाण्डे हॉस्पिटल दमोह के सामने आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए जिला समन्वयक वेद प्रकाश रैकवार (आरजीएसए), डीईओ गौरव सेन (आरजीएसए), भृत्य पारस शर्मा, रामदयाल सेन तथा बालकृष्ण कुमार सहित जिला पंचायत दमोह के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री फुलपगारे ने निर्देश दिए हैं कि सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी 12 मार्च को प्रातः 10 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक कार्यक्रम स्थल पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे, ताकि प्रतियोगिता का संचालन व्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक किया जा सके।

# हिन्दी लेखिका संघ ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली मनाई

**दमोह।** हिन्दी लेखिका संघ दमोह की बहनों ने देव गंगा जरारूधाम में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली मनाई। बस में जाते आते समय बहनों ने जी भर कर अंताक्षरी खेली, फिर जरारू धाम के झरने एवं प्राकृतिक सौंदर्य के बीच पिकनिक का आनंद लिया। द्वितीय चरण में डॉ प्रेमलता नीलम के मुख्य आतिथ्य, नर्मदा सिंह एकता के विशिष्टातिथ्य में मां सरस्वती के दीप प्रज्वलन, पूजन बीच स्वास्ती वाचन संगीता पान्डे ने किया। सरस्वती वंदना डॉ प्रेमलता नीलम प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन पुष्पा चिले ने किया। आभार लता गुरु व्यक्त किया। नारी और होली रंगीन बौछारों की काव्यांजलि इस प्रकार रही। पुष्पा चिले ने कहा नारी की गरिमा स्वीकारो ,निज निर्मित उसकी महिमा को किसी पुरुष से कम न आंको। रंग रंगीला यह समां, उपवन उड़े गुलाल, रंगों के इस कुंड में सखियां हैं बेहाल डॉ प्रेमलता नीलम ने पढ़ा नारी का अस्तित्व महान है, नारी आन बान शान है, नारी अन्याय पर झुकती नहीं, नारी न्याय पर सुजान है। सुनंदा जैन उम्र हो गई सत्तर के पार,हो गया है सभी रंगों से प्यार। वसुन्धरा तिवारी देवी का अवतार है नारी,मां की ममता उसमें रहती शक्ति स्वरूपा कहलाती नारी। वसुन्धघरा तिवारी$मुझे मिल गया नंद का लाल होली में। आराधना राय प्रेम भलाई एकता मेल संयम का त्यौहार है होली। उन्मुक्त गगन में निश्छल और स्वतंत्र उड़ना चाहती है नारी।भावना शिवहरे मतवाली होली देख खिले जब नाते, मिटते गिले शिकवे गले मिल जाते। संगीता पान्डे मुट्ठी भर गुलाल लायो, केशर रंग पिचकारी, प्यार के रंग में रंग गये ऐसे देखे दुनिया सारी। माया यादव होली के हों रंग अनेक,बस तुम रहना रंग एक। टूटी हुई चीजों की अहमियत होती है,बस महिला ही टूटकर मजबूत होती है। डॉ रेवा चौधरी होली केवल त्यौहार नहीं यह आत्मा का विस्तार,जब समरसता के सागर में डूब जाये संसार। इस दुनिया की शान है नारी धीरज प्रमाण है नारी। उमा नामदेव परिस्थितियों से जूझती निरंतर राह खोजती चेहरे पर नहीं शिकन नारी तुझे शत शत नमन। मौज मस्ती का ख़ूब रंग चढ़ा होली में। पद्मा तिवारी -हर काम अधूरा नारी बिन है,हर दिन ही नारी का दिन है।सुनले मेरी बात सांवरिया,तोरे रंग रांगी मोर चुनरिया। कमलेश शुक्ला शिव सा गरल पान है करती फिर भी पुरुष प्रधान समाज में उसकी क्या हस्ती। रिश्तों में मर्यादा रहने दो, होली को होली रहने दो। प्रेमलता उपाध्याय अपने आंसुओं को कब तक छिपाओगी नारी कब तक बनी रहोगी यूं बेचारी। फागुनी बयार चले मन में खुमार उठे। लता गुरु ने कहा होली आई रंग बिरंगी, हंसी उल्लास लिए अपार।नारी तेरे रूप अनेक, ब्रह्मांड की हस्ती तुम, देवी, शक्ति, सृष्टि तुम। नर्मदा सिंह एकता, भारती राय, मन्दाकिनी बेन, शिवकुमारी शिवहरे, अंजना तिवारी, सीमा जैन, रमा उपाध्याय, आन्या तिवारी, भावना पटेल आदि बहनों ने भी काव्यांजलि प्रस्तुत की।



# कुम्हारी में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का हुआ प्रशिक्षण



**सगोनी।** कुम्हारी ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई। यह प्रशिक्षण मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद और नवांकुर संस्था केशव मिलन समग्र कल्याण समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें अध्यक्ष रामसागर तिवारी और ब्लॉक समन्वयक हरीश पांडे की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक प्रतिनिधि खिलान यादव ने की। प्रशिक्षण में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्यों के साथ कुम्हारी पटना, कुम्हारी, मझौली, मुहास और पटेरिया के स्वयंसेवी कार्यकर्ता तथा नवांकुर सखियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं, सामाजिक भागीदारी और ग्राम स्तर पर जनजागरूकता बढ़ाने के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर लक्ष्मण सिंह, रूप सिंह, हेमंत राय और पारस दुबे सहित कई सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सदाशिव साहिल तिवारी ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

# बिजली बिल जमा न करने पर विद्युत विभाग की कुर्की कार्रवाई, बाईक जप्त



**सिंग्रामपुर।** बिजली बिल की बकाया राशि जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ विद्युत विभाग द्वारा कार्रवाई तेज कर दी गई है। इसी क्रम में जबेरा विद्युत मंडल की टीम ने सिंग्रामपुर क्षेत्र के दो ग्रामों में कुर्की की कार्रवाई करते हुए एक मोटरसाइकिल जप्त की। जानकारी के अनुसार ग्राम कोड़ाकला में उपभोक्ता इन्द्रकुमार राय पर बिजली बिल की लगभग 22,470 रुपये की बकाया राशि थी। बार-बार नोटिस दिए जाने के बावजूद भुगतान नहीं करने पर विद्युत विभाग की टीम ने कुर्की की कार्रवाई करते हुए उनकी मोटरसाइकिल जप्त कर ली। वहीं ग्राम बनिया में भी विभाग द्वारा कार्रवाई की गई। यहां मंगल सिंह पिता करन सिंह पर करीब 43,000 रुपये का बिजली बिल बकाया था। राशि जमा नहीं करने पर विभाग की टीम ने उनके विरुद्ध कुर्की की प्रक्रिया शुरू की। इस संबंध में विद्युत विभाग जबेरा के कनिष्ठ अभियंता महेश कुमार महतो ने बताया कि विद्युत मंडल द्वारा बकाया बिजली बिल की वसूली के लिए अभियान चलाया जा रहा है। जिन उपभोक्ताओं ने लंबे समय से बिल जमा नहीं किया है, उनके खिलाफ कुर्की सहित अन्य वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि उपभोक्ता जल्द बकाया राशि जमा नहीं करते हैं तो आगे भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। कार्रवाई के दौरान विभाग के कर्मचारी आशिक खान, महेंद्र यादव, द्वारका पटेल, सचिन रैकवार, रवि पटेल, नारायण रजक, हल्के सिंह सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### इक्कीसवीं सदी की शिक्षा, अर्थव्यवस्था, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के संदर्भ में भारतीय ज्ञान परंपरा की पुनर्रकल्पना विषयक

# दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



दिनांक 10 मार्च 2026 को शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय, दमोह में मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रायोजित "इक्कीसवीं सदी की शिक्षा, अर्थव्यवस्था, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के संदर्भ में भारतीय ज्ञान परंपरा की पुनरकल्पना" विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार का शुभारंभ प्रातः 11 बजे हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मां सरस्वती के पूजन-अर्चन के साथ किया गया। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष चंद्रभान पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में हरीश रघुवंशी, क्षेत्रीय प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक तथा आशीष रावत, शाखा प्रबंधक मुख्य शाखा भारतीय स्टेट बैंक दमोह उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. जे. पी. मिश्रा, सेवानिवृत्त प्राध्यापक, महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, छतरपुर थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जी. पी. चौधरी ने की। कार्यक्रम के प्रारंभ में मंचासीन अतिथियों द्वारा मां सरस्वती का पूजन-अर्चन किया गया। तत्पश्चात संगीत विभाग की छात्राओं एवं डॉ बाबूलाल सिंह,डॉ. आराधना श्रीवास तथा डॉ. मितेंद्र सिंह सेंगर के मार्गदर्शन में सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। छात्रा ऐश्वर्या पटेल ने सरस्वती वंदना पर मनोहारी नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। इसके उपरांत सभी अतिथियों का पुष्पमाला, बैज, मोमेंटो तथा शॉल-श्रीफल भेंट कर सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। इस अवसर पर 14 अक्टूबर 2025 को आयोजित वेबिनार की पुस्तक "भारतीय ज्ञान परंपरा, विज्ञान, संस्कृति एवं शिक्षा" का विमोचन किया गया। साथ ही महाविद्यालय की सत्र 2025–26 की वार्षिक पत्रिका "प्रेरणा" का भी लोकार्पण किया गया। अपने उद्बोधन में विशिष्ट अतिथि श्री हरीश रघुवंशी ने कहा कि सकारात्मक सोच ही मनुष्य के मन-मस्तिष्क को विकसित करती है और यही सोच समाज के समग्र विकास का आधार बनती है। मुख्य अतिथि माननीय श्री चंद्रभान पटेल ने कहा कि प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा और वर्तमान चिंतन के समन्वय से ही भविष्य की सुदृढ़ कल्पना संभव है। उन्होंने कहा कि ज्ञान अर्जित करना प्रत्येक मनुष्य का कर्तव्य है और भारतीय ज्ञान परंपरा ज्ञान का अथाह सागर है, जिसका समुचित उपयोग समाज के कल्याण के लिए किया जाना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. जी. पी. चौधरी ने कहा कि भारतीय ज्ञान के स्त्रोतों और परंपराओं का गहन अध्ययन कर हम एक उज्ज्वल और सुदृढ़ भविष्य की नींव रख सकते हैं। मुख्य वक्ता डॉ. जे. पी. मिश्रा ने अपने व्याख्यान में इक्कीसवीं सदी के भारत में विकास के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था, कौशल विकास और रोजगार सृजन वर्तमान समय की प्रमुख आवश्यकताएँ हैं। उन्होंने विकास की परिकल्पना के तीन प्रमुख स्तंभ—मानवीय, वित्तीय तथा प्राकृतिक एवं भौतिक संसाधनों—का उल्लेख करते हुए कहा कि मनुष्य को कौशल से परिपूर्ण बनाने के लिए ज्ञान अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि जब व्यक्ति के भीतर कर्तव्यबोध, आत्मबोध और राष्ट्रबोध की भावना जागृत होगी, तब विकसित भारत की संकल्पना शीघ्र ही साकार होगी।

उद्घाटन सत्र का संचालन डॉ. अवधेश कुमार जैन ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. असलम खान द्वारा किया गया।

इसके पश्चात प्रथम तकनीकी सत्र का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता डॉ. अरुणा जैन एवं डॉ. शिवानी राय ने की। इस सत्र में डॉ. स्मिता यादव, अखिलेश कुमार, श्रीमती प्रियंका सेन, श्रीमती भारती चौरसिया एवं रवीना सूर्यवंशी द्वारा अपने-अपने शोध पत्रों का वाचन किया गया। सत्र का संचालन डॉ. आराधना श्रीवास ने किया तथा आभार डॉ. असलम खान द्वारा व्यक्त किया गया। द्वितीय तकनीकी सत्र की अध्यक्षता डॉ. पी. के. ढाका एवं डॉ. डी. के. नेमा ने की। इस सत्र में भारतीय स्टेट बैंक, दमोह की सोम्या श्रीवास ने डिजिटल बैंकिंग जागरूकता एवं बैंक की विभिन्न योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इसके उपरांत विभिन्न शोधकर्ताओं द्वारा अपने शोधपत्र प्रस्तुत किए गए। डॉ. रेणुबाला शर्मा, सेवानिवृत्त प्राध्यापक, शासकीय कन्या महाविद्यालय सागर ने वर्तमान जीवन शैली से संबंधित विषय पर अपना शोधपत्र प्रस्तुत किया।

इस प्रकार सेमीनार के प्रथम दिवस के विभिन्न सत्रों में भारतीय ज्ञान परंपरा के विविध आयामों पर गंभीर और सारगर्भित चर्चा हुई।

## अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से बाइक सवार मजदूर तीन घायल

**जबेरा।** जनपद पंचायत जबेरा के नोहटा थाना के अंतर्गत बीती रात सड़क हादसा हुआ है। बताया जाता है कि जिले के देहात थाना और नोहटा थाना के बीच अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से एक बाइक पर सवार तीन लोग बुरी तरह घायल हो गए. जिन्हें उपचार के लिए तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती किया गया. यह घटनाक्रम पूरा सोमवार शाम का बताया गया है, जब बाइक सवार तीन लोग दमोह से मजदूरी कर अपने गांव घाना मैली जा रहे थे, इस दौरान चिरईचोंच के पास सुरेश पिता संतोष अहिरवार, अशोक पिता झुन्नी अहिरवार और सूरज पिता नन्हे सभी निवासी घाना मैली का उपचार जिला अस्पताल में जारी है. मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरूकर दी है।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का हुआ समापन समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



अमर वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय, में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस-2026 के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों का समापन समारोह सोमवार को संपन्न हुआ। यह आयोजन मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, भोपाल के सौजन्य से "विज्ञान में महिलाएं: विकसित भारत के लिए उत्प्रेरक" विषय पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य शंकर सिंह ठाकुर की अध्यक्षता तथा डॉ. अरुणेन्द्र कुमार पटेल के समन्वयन में आयोजित हुआ, जबकि मंच संचालन डॉ. मनीषा कुमारिया ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में संत अलायासिस महाविद्यालय (स्वशासी), जबलपुर से डॉ. निशा पांडे तथा डॉ. अनिशा रूपश्री उपस्थित रहीं, जबकि आंचलिक विज्ञान केन्द्र, भोपाल के परियोजना समन्वयक श्री साकेत सिंह कौरव वर्चुअल माध्यम से विशिष्ट अतिथि के रूप में जुड़े। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा अतिथियों का स्मृतिचिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। समन्वयक डॉ. अरुणेन्द्र कुमार पटेल ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अंतर्गत 9 मार्च से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें पोस्टर प्रतियोगिता, मॉडल प्रतियोगिता एवं रंगोली प्रतियोगिता शामिल थीं। विज्ञान संकाय के अधिकांश विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक इन प्रतियोगिताओं में भाग लिया। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य शंकर सिंह ठाकुर ने महान वैज्ञानिक सी. वी. रमन के विज्ञान क्षेत्र में दिए गए योगदान को स्मरण करते हुए विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया। विषय विशेषज्ञ व्याख्यान के प्रथम सत्र में श्री साकेत सिंह कौरव ने अंतरिक्ष विज्ञान तथा चंद्रयान मिशन के बारे में जानकारी देते हुए चंद्रमा के दोनों ध्रुवों की विशेषताओं और भविष्य में वहां संभावित वैज्ञानिक शोध की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। दूसरे सत्र में डॉ. निशा पांडे ने विज्ञान के क्षेत्र में प्राचीन एवं आधुनिक समय में महिलाओं के योगदान का उल्लेख किया। उन्होंने टेसी थॉमस, कल्पना चावला तथा रितु करिधाल जैसी वैज्ञानिकों के योगदान को रेखांकित करते हुए छात्राओं को विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। तीसरे सत्र में डॉ. अनिशा रूपश्री ने सर चंद्रशेखर वेंकट रमन द्वारा खोजे गए "रमन प्रभाव" की जानकारी देते हुए वैज्ञानिक सोच और विकसित भारत के निर्माण में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत में विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अंत में डॉ. नंद किशोर निकोसे ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में मेघ सिंह वर्मा, डॉ. संध्या स्थापक, डॉ. रूचि द्विवेदी, श्रीमती सुमन अहिरवार, श्रीमती खुशबू रावत, डॉ. रश्मि मिश्रा, डॉ. बालकृष्ण कुशवाहा, डॉ. सुनील गिरी, डॉ. दीपिका दुबे, डॉ. वैशाली भगत, श्री हरिशंकर चक्रवर्ती, भगीरथ अहिरवार, हुकम प्रसाद अहिरवार तथा मनीष बेन सहित महाविद्यालय के समस्त स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## हटा में चाक चौबंद व्यवस्था के बीच तैयारियां पूर्ण, होंगी कई बड़ी घोषणायें

# मुख्यमंत्री आज हटा में दूल्हा भेषधारी गौरीशंकर भगवान के दर्शन कर सभा को करेंगे संबोधित





हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव का आज दोपहर 3:30 उपकाशी हटा नगर में आगमन होने जा रहा है जिसकी प्रशासन द्वारा चाक चौबंद व्यवस्था कर तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। मुख्यमंत्री सर्वप्रथम हेलीपैड से देवश्री गौरीशंकर मंदिर पहुंचेंगे जहां पर दूल्हा भेषधारी भगवान गौरीशंकर का अभिषेक पूजन कर आशीर्वाद लेंगे इसके उपरांत कार्यक्रम स्थल दद्दा कला मंच पर महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम को संबोधित कर हटा विधानसभा क्षेत्र के लिए कई सौगातें भी देंगे। गौरी शंकर मंदिर ट्रस्ट कमेटी की स्थाई सदस्य पुष्पेंद्र हजारी ने बताया कि मंदिर की स्थापना करीब 400 वर्ष पूर्व हटा नगर के मालगुजार स्व. राजा लोकेन्द्र सिंह हजारी की स्मृति में उनकी पत्नि हजारी बहू द्वारा मंदिर का निर्माण कराया गया था। विदित हो की हजारी परिवार के ही क्रांतिकारी स्व. नवल सिंह हजारी ने ब्रिटिश शासन के विरूद्ध क्रांति की थी।

मंदिर में श्री देवश्री गौरीशंकर जी के साथ वामांग में माँ पार्वती दूल्हा दुल्हन वेश में राजनी रूप में नंदी पर सवार होकर विराजे हैं। जिनकी दाड़ी में हीरा जड़ा हुआ है, यह मंदिर चमत्कार, आस्था एवं विश्वास का प्रमुख केन्द्र हैं यह विवाह उपरांत का विग्रह हैं। शिवजी के सिर पर चन्द्रमा एवं गंगा जी धारण किए है। हाथ में डमरू, त्रिशूल, शरीर पर मृगछाला और सर्प धारण किए हैं। बारात में दाहिनी सूंड वाले गणेश जी, भगवान कृष्ण, मां दुर्गा लक्ष्मीनारायण, वीरभद्र सेनापति कीर्तिमुख, भैरव जी, कुवेर जी, वासुकी नाग, शालिगराम हनुमान जी, नवग्रह सहित ब्रम्हांड के सभी देवी देवता विराजमान हैं। बुंदेलखण्ड की लोक मान्यता हैं कि चारोधाम यात्रा का अंतिम पडाव देव श्री गौरीशंकर जी मंदिर है इसलिए यात्रा के समापन पर लोग यहां यात्रा उपरांत विशेष पूजा करते हैं।

ब्रम्हलीन दद्दा जी के सानिध्य में सन 2001 से चार महारूद्र यज्ञ संपन्न कराने से गिनीज बुक ऑफ बल्ड रिकार्ड में दद्दा जी का नाम दर्ज किया गया।

इसी शिवरात्रि की पूर्व संध्या 14 मई 2026 को माननीय ज्योतिरादित्य सिंधिया जी द्वारा दद्दा जी के नाम से डाक टिकिट जारी किया गया। हाल ही में 5 मई से 15 मई 2026 तक अनिरूद्ध महायज्ञ पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं श्रीमद भागवत कथा का आयोजन संपन्न हुआ।

### पटेरा में महाविद्यालय की आस क्या आज होगी पूरी?

**पटेरा।** नगर व क्षेत्र के युवाओं को आज महाविद्यालय प्रारंभ होने की वर्षो की घोषणा की आस पूरी होने का इंतजार है। प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव आज हटा नगर में विधायक के जन्म दिवस पर महिला सशक्तिकरण समारोह में पधार रहे है। पटेरा में महाविद्यालय की घोषणा 2018 में तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा तत्कालीन व वर्तमान विधायक उमा देवी खटीक के प्रयास से की गई थी। परंतु 5 वर्षो तक यह घोषणा सिर्फ घोषणा बनी रही। 2023 में उमादेवी खटीक के पुनः विधायक बनते ही इस दिशा में प्रयास किये परंतु घोषणा मूर्त रूप नहीं ले पाई। अब आज इंतजार है कि युवाओं के लिये जरूरी यह घोषणा आज पूरी होगी एवं इसी सत्र में यह प्रारंभ होगा।

### मॉडल स्कूल पूर्वानुसार संचालित रहे

नगर व क्षेत्र की अच्छी प्रतिभाओं को सही मंच देने व अच्छी शिक्षा के लिये संचालित मॉडल स्कलू को संदीपनी विद्यालय प्रारंभ होने से बंद होना बताया जा रहा है जबकि मॉडल स्कूल के पास भवन भी है व खेल मैदान भी है एवं यहां छात्रों का प्रवेश चयन प्रक्रिया से होता है जिससे अच्छे विद्यार्थियों को अच्छे परिणाम मिलते है। इसे इसी प्रकार संचालित करने की भी मांग क्षेत्र के सामाजिक संगठनों व विद्यार्थियों ने की है।

### महिला सशक्तिकरण सम्मेलन में करेंगे करोड़ों के विकास कार्यों का भूमिपूजन-लोकार्पण

**दमोह।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज 11 मार्च को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का जिले के हटा में आगमन प्रस्तावित है। इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण सम्मेलन का आयोजन किया गया है, जिसमें स्व-सहायता समूह की बहनें एवं लाड़ली बहना योजना की हितग्राही महिलाएं बड़ी संख्या में सम्मिलित होंगी। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया कार्यक्रम के दौरान विधानसभा क्षेत्र-057 हटा अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण भी प्रस्तावित है। इनमें मड़ियादो से रजपुरा मार्ग निर्माण कार्य 4889.64 लाख रुपये, मड़ियादो से बर्धा किशनगढ़ मार्ग 7444.62 लाख रुपये, एनडीबी योजना के अंतर्गत हटा से गैसाबाद-सिमरिया मार्ग (एसएच-55) के शोल्डर उन्नयन एवं चौड़ीकरण का कार्य 231.97 करोड़ रुपये प्रमुख हैं। इसके अलावा हटा से पटेरा कुम्हारी मार्ग के किमी 01 में हटा के शहरी भाग में 4 लेन चौड़ीकरण कार्य 5.11 करोड़ रुपये, हटा शहर में रेस्ट हाउस के पास दुधिया नाले पर पुल निर्माण 844.57 लाख रुपये, हटा ब्लॉक अंतर्गत हिनौता-मुराछ-पाली मार्ग पर सुनार नदी पर पुल निर्माण 1326.75 लाख रुपये तथा दमोह जिले के जिरौध-सिमरी मार्ग में व्यारमा नदी पर पुल निर्माण 687.27 लाख रुपये का भी भूमिपूजन/लोकार्पण किया जाएगा। इसी क्रम में पड़री-जमाटा मार्ग में ककली नाला पर पुल निर्माण 278.90 लाख रुपये, 33/11 केवी नवीन उपकेन्द्र भैंसा अंतर्गत कनिष्ठ अभियंता कार्यालय हिनौता वितरण केन्द्र 2.90 करोड़ रुपये तथा सुनार नदी में शहर का गंदा पानी मिलने से रोकने और उसके ट्रीटमेंट के लिए डायवर्जन स्ट्रक्चर एवं एसटीपी निर्माण कार्य का भी भूमिपूजन किया जाएगा। कलेक्टर श्री कोचर ने संभागीय प्रबंधक एमपीआरडीसी सागर, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (सेतु) संभाग सागर, अधीक्षण यंत्री मध्यप्रदेश विद्युत विभाग दमोह, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग दमोह तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी हटा को पत्र लिखकर संबंधित कार्यों के भूमिपूजन एवं लोकार्पण के लिए आवश्यक तैयारियां और समस्त कार्यवाही समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान सभी कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सकें।

# पेट्रोल-डीजल और गैस की कोई कमी नहीं, अफवाहों पर ध्यान न दें- कलेक्टर श्री कोचर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के गैस एजेंसी संचालकों, मैरिज गार्डन संचालकों, कैटरर्स और पेट्रोल पंप मालिकों के साथ बैठक कर आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की। बैठक में सभी संबंधितों से चर्चा कर सुझाव लिए गए और वर्तमान स्थिति को लेकर स्पष्ट जानकारी दी गई। कलेक्टर श्री कोचर ने आम जनता से आग्रह करते हुए कहा कि जिले में पेट्रोल, डीजल और सीएनजी की किसी भी प्रकार की कमी नहीं है। लोगों को किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान नहीं देना चाहिए और अनावश्यक रूप से ईंधन का स्टॉक करने से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि जरूरत के अनुसार जिले में पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल और डीजल उपलब्ध है। यदि लोग अनावश्यक रूप से स्टॉक करते हैं तो इससे कृत्रिम अभाव की स्थिति बन सकती है। उन्होंने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडर की उपलब्धता भी पूरी तरह सामान्य है। केवल बुकिंग की अवधि में थोड़ा बदलाव किया गया है। पहले सिलेंडर बुक करने के बाद अगला सिलेंडर 21 दिन बाद बुक किया जा सकता था, जिसे अब बढ़ाकर 25 दिन कर दिया गया है। इसके अलावा किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं है। कलेक्टर श्री कोचर ने बताया कि कमर्शियल गैस सिलेंडर का उपयोग कैटरिंग, मैरिज गार्डन, होटल, रेस्टोरेंट, छात्रावास और अस्पताल जैसे व्यावसायिक कार्यों में किया जाता है। वर्तमान स्थिति को देखते हुए निर्णय लिया गया है कि अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों को कमर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति लगातार जारी रहेगी, जबकि अन्य व्यावसायिक स्थानों के लिए कुछ समय के लिए आपूर्ति को सीमित किया गया है। उन्होंने बताया कि बैठक में सभी संबंधित संचालकों ने प्रशासन को आश्वस्त किया है कि वे इस परिस्थिति में प्रशासन का पूरा सहयोग करेंगे और व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में सहयोग देंगे।

# मेरा संकल्प है जबेरा विस की प्रत्येक ग्राम पंचायत में सामुदायिक भवन बनें- संस्कृति राज्यमंत्री

### सुनवाही उमरिया में 25 लाख रुपये के सामुदायिक भवन का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



इस सामुदायिक भवन का निर्माण लगभग दो से तीन माह के भीतर पूरा किया जाएगा। भवन के बनने से ग्रामवासियों को सामाजिक, सांस्कृतिक और सामुदायिक कार्यक्रमों के आयोजन में काफी सुविधा मिलेगी। यह ग्रामवासियों के लिए एक बड़ी सौगात होगी। इस आशय के विचार प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने ग्राम सुनवाही उमरिया में 25 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन के भूमिपूजन के दौरान व्यक्त किये। उन्होंने बताया कि तेंदूखेड़ा ब्लॉक में लगभग 31 सामुदायिक भवनों की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है और जल्द ही इनका निर्माण कार्य भी प्रारंभ कराया जाएगा। इसी प्रकार जबेरा जनपद में भी इतने ही सामुदायिक भवन स्वीकृत हुए हैं। राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा कि सरकार निरंतर विकास कार्यों को आगे बढ़ा रही है। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लाड़ली बहना योजना, किसानों के लिए किसान सम्मान निधि, बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए लाड़ली लक्ष्मी योजना, घर-घर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए नल जल योजना तथा गरीबों को मुक्त खाद्यान्न जैसी विभिन्न जनहितैषी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प है कि जबेरा विधानसभा की प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक-एक सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जाएगा, ताकि ग्रामीणों को सामाजिक गतिविधियों के लिए बेहतर सुविधाएँ मिल सकें।

# दिव्यांग बच्चों को उपकरण वितरित



**हटा।** विकासखंड अंतर्गत विभिन्न शालाओं में चिन्हित विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को शासन निर्देशानुसार उपकरण वितरित करने एक शिविर का आयोजन बीआरसी कार्यालय में किया गया जहां पूर्व में चिकित्सकीय मूल्यांकन के बाद उपकरण हेतु कुल चिन्हित 28 बच्चों को आमंत्रित कर उन्हें उनकी जरूरतों के उपकरण जैसे कान की मशीन व्हील चेयर एवं टीचिंग मटेरियल प्रदान किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए बीआरसी एमएल अहिरवार ने बताया कि राज्य शिक्षा केंद्र एवं जिला शिक्षा केंद्र के निर्देश अनुसार पुनर्वास विशेषज्ञ अमर बहादुर सिंह आडियोलॉजिस्ट कृष्णा गुप्ता आर्टिफिशियल पार्ट फिटिंग हेतु नियुक्त सार्थक शर्मा ने शिविर में उपस्थित बच्चों को उनकी सामग्री के उपयोग के तरीके बताए वहीं एमआरसी श्रीराम सेन ने बताया कि इस शिविर में शासन से अनुबंधित एलिमको कम्पनी जो दिव्यांगों के लिए उपकरण तैयार करती है के द्वारा चिन्हित बच्चों को आज शिविर के माध्यम से ट्राई साइकिल केलीपर्स व्हील चेयर एवं कान की मशीन प्रदान की गयी। शिविर में बीएसी सुनील पाठक, योगेश सोनी, आशीष जैन, जनशिक्षक संदीप सोनी एवं सहयोगी एमआरसी सुधीर विश्वकर्मा की उपस्थिति रही।

# कृषि उपज मंडी प्रांगण जबेरा में जप्त की गई मूंगफली दाने की हुई नीलाम

### माननीय न्यायालय के आदेश से 350 क्विंटल मूंगफली दाने को किया गया था राज सात

**जबेरा।** विगत दिवस कृषि उपज मंडी प्रांगण जबेरा में प्रबंध संचालक राज्य मंडी बोर्ड भोपाल के आदेश एवं संयुक्त सहायक संचालक मंडी बोर्ड सागर रोहिणी प्रसाद चक्रवर्ती के मार्गदर्शन में 14 नवंबर 2025 रात्रि 1:30 पर ट्रक क्रमांक **CG**04, **NP** 3700 का जबेरा मंडी के भीतर प्रवेश होने पर सागर उड़नदस्ता दल प्रमुख धनीराम शर्मा सहायक उप निरीक्षक एवं आनंद प्रताप सिंह स्थाई कर्मी सहित समस्त स्टाफ द्वारा वाहन में लोड अधिसूचित कृषि उपज मूंगफली दाना 350 क्विंटल के अभिलेख कूटरचित पाए गए तथा अनुज्ञा पत्र के अभाव में वाहन को जप्त कर मंडी जबेरा में रखा गया एवं प्रकरण माननीय न्यायालय दमोह में पेश किया गया। माननीय न्यायालय के द्वारा अधिसूचित कृषि उपज को व्यवस्थित रखने एवं वाहन को बंधन मुक्त करने का आदेश दिया गया था। लेकिन वाहन चालक रमेश कुमार जोशी निवासी डबरा ग्वालियर निर्णय दिनांक से ही गायब हो गए थे ,जिससे वाहन मुक्त नहीं हो सका वाहन मुक्त न कराने की स्थिति में माननीय न्यायालय के द्वारा दिनांक 25 फरवरी 2026 के आदेश मंक उपरोक्त कृषि उपज (मूंगफली दाना 350 क्विंटल जो राजसात किया गया था ) जिसके परिपालन में 9 मार्च 2026 को नीलम किया गया। भार साधक अधिकारी महोदय मंडी जबेरा द्वारा बनाई गई समिति की उपस्थिति में अन्य जिलों से आए व्यापारी जिनमे निमाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, दमोह, नैनपुर मंडला ब जबेरा मंडी के व्यापारियो की सहभागिता में सर्वोत्तम ऊंची बोली 8110 रुपया बोलकर के फर्म गोयल इंटरप्राइजेज छतरपुर के द्वारा मूंगफली दाना खरीदा गया।इस कार्रवाई में नायब तहसीलदार अटल बिहारी वर्मा,सहायक खाद्य अधिकारी आदित्य दहिया,कृषि विस्तार अधिकारी कुमारी दर्शिका दुबे,कृषि उपज मंडी समिति जबेरा सचिव सहित धनीराम शर्मा सहायक उप निरीक्षक,जयंत केसरवानी,सहायक उप निरीक्षक बसंत खरे, लिपिक लक्ष्मण राय,लिपिक श्रवण सिंह,लिपिक आनंद प्रताप सिंह,रामदास अहिरवार, स्थाई कर्मी, सहायक उपनिरीक्षक व गया प्रसाद सेन सुरेश गिहारे, संदीप नामदेव की उपस्थिति में उक्त नीलामी की कार्यवाही संपन्न की गई ।

### नवसृजित दमोह उपमंडल का उद्घाटन कल

**दमोह।** नवसृजित दमोह उपमंडल का उद्घाटन 12 मार्च गुरुवार को अपराह्न 12:30 बजे प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम विभाग मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के मुख्य आतिथ्य एवं संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी, पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल, सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी, विधायक दमोह जयंत मलैया, विधायक हटा उमा देवी खटीक तथा अध्यक्ष जिला पंचायत रंजीता गौरव पटेल के विशिष्ट आतिथ्य तथा जिला प्रशासनिक अधिकारियों एवं अन्य गणमान्य नागरिकों की गरिमामय उपस्थिति में होगा।







